FARIDABAD

अग्रवाल महाविद्यालय में विद्यार्थियों को दिखाई गई फिल्म 'पंचलाइट'

(Kiran Kathuria) www.bharatdarshannews.com Wednesday,06 February , 2019)

भारतीय ग्रामीण समाज में फैले अंधविश्वास को दिखाती है फिल्म 'पंचलाइट'

Faridabad News, 6 Feb 2019 : प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में अंग्रेज़ी विभाग अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ द्वारा फिल्म 'पंचलाइट' दिनांक 05 फरवरी, 2019 को दिखाई गई। यह फिल्म हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार श्री फणीश्वर नाथ रेणु की प्रसिद्ध कहानी 'पंचलाइट' पर आधारित है जो कि बी.ए. प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम में शामिल है। यह कहानी भारत के ग्रामीण परिवेष की तस्वीर बयां करती है कि भारतीय ग्रामीण समाज किस तरह से जातियों में बंटा हुआ है तथा जाति का सम्मान ही सर्वोपरि माना जाता है। यह फि ल्म भारतीय ग्रामीण समाज में फैले अंधविश्वास को भी दिखाती है। इस अवसर पर बी.ए. प्रथम वर्ष के 160 विद्यार्थी उपस्थित थे। डॉ. गीता गुप्ता और डॉ. इनायत चौधरी के प्रयासों से यह फिल्म दिखाई गई। अंग्रेज़ी विभाग समय-समय पर थियेटर से संबंधित गतिविधियाँ आयोजित करता रहता है। यह फिल्म उसी श्रृंखला में एक कड़ी थी।